# अर्द्धवार्षिक परीक्षा–2024–25

## विषय – हिन्दी

## कक्षा – 10

समय – 3 घण्टे  पूर्णांक –

नोट – सभी प्रश्न करना अनिवार्य है–

1. प्रश्न पत्र दो खण्डो अ तथा ब में विभाजित है।
2. प्रश्न पत्र के खण्ड अ में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. खण्ड ब में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

### खण्ड अ बहुविकल्पीय (वस्तुनिष्ठ) प्रश्न

1. हिन्दी का प्रथम उपन्यास है–

(क) परीक्षा गुरू  (ख) गोदान

(ग) अलग अलग वैतरिणी  (घ) निर्मला

2. एंकाकी सम्राट कहा जाता है–

(क) मोहन राकेश  (ख) हरिकृष्ण प्रेमी

(ग) रामकुमार वर्मा  (घ) सेठ गोविन्ददास

3. हिन्दी की प्रथम कहानी है–

(क) ममता  (ख) इन्दुमती

(ग) कफन  (घ) इनमे से कोई नहीं

4. एक अंक के नाटक को क्या कहते है?

(क) नाटक  (ख) पत्रिका

(ग) एकांकी  (घ) कहानी

5. आकाश दीप और ममता कृति हैं–

(क) जयशंकर प्रसाद  (ख) हजारी प्रसाद

(ग) प्रेमचन्द  (घ) दिनकर

6. रीतिकाल के किस कवि ने वीर रस की रचना की है?

(क) घनानन्द  (ख) भूषण

(ग) बिहारी  (घ) सेनापति

model paper.info

7. जायसी का पद्मावत किस भाषा में लिखा गया है–

(क) अवधी (ख) ब्रजभाषा

(ग) खड़ी बोली (घ) फारसी

8. साकेत के रचनाकार हैं–

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) दिनकर

(ग) मैथिलीशरण (घ) भगवतीचरण वर्मा

9. हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है–

(क) पृथ्वी राज रासो (ख) पद्मावत

(ग) रामचरितमानस (घ) रामचन्द्रिका

10. सन्त कबीर की रचना है–

(क) दोहावली (ख) गीतावली

(ग) प्रेम सरोवर (घ) बीजक

11. हास्य रस का स्थायी भाव क्या है?

(क) हास (ख) शोक (ग) भय (घ) रौद्र

12. छन्द के प्रकार हैं–

(क) वर्णिक (ख) मात्रिक (ग) मुक्त (घ) उक्त सभी

13. दोहे का उल्टा होता है–

(क) सोरठा (ख) रोला (ग) चौपाई (घ) कोई नहीं

14. रस के कितने अंग होते हैं?

(क) चार (ख) पाँच (ग) छः (घ) सात

15. त्रिफला का समास विग्रह है–

(क) तीन फलो का समूह (ख) दो फलों का समूह

(ग) अमृत फल का समूह (घ) इनमे से कोई नहीं

16. कपड़ा का तत्सम् है–

(क) वस्त्र (ख) कर्पट (ग) दुकूल (घ) पहनावा

17. श्रृंगार रस का स्थायीभाव है–

(क) रति (ख) हास

(ग) उत्साह (घ) भय

model paper.info

18. सोहन गीत गाता है। रचना की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है?

(क) मिश्रित वाक्य
(ख) संयुक्त वाक्य
(ग) सरल वाक्य
(घ) इनमें से कोई नही

19. भक्तिकाल की रचना है–

(क) साकेत
(ख) विनय पत्रिका
(ग) लहर
(घ) प्रेम माधुरी

20. किस कवि को राष्ट्रकवि का सम्मान प्राप्त हुआ?

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(ख) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(ग) मैथिलीशरण गुप्त
(घ) अज्ञेय

## खण्ड ब वर्णनात्मक प्रश्न

प्र02 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मित्र का कर्त्तव्य इस प्रकार बताया गया है– उच्च और महान् कार्य में हर प्रकार सहायता देना, मान बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी निज की सामर्थ्य से बाहर काम कर जाओ। यह कर्त्तव्य उसी से पूरा होगा, जो दृढ़चित्त और सत्य संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए, जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हो तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों, मृदुल और पुरूषार्थी हों, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हो, जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड़ सकें और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा न होगा।

1. उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
2. गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
3. मित्र का कर्त्तव्य कैसा होना चाहिए?

अथवा

कितना जीवन बरस पड़ा है इन दीवारों पर जैसे फसाने अजायब का भण्डार खुला पड़ा हो। कहानी से कहानी बनती चली गई है। बन्दरों की कहानी, हाथियों की कहानी हिरनों की कहानी। कहानी क्रूरता और भय की दया और त्याग की। जहाँ बेरहमी है वहीं दया का भी समुद्र उमड़ पड़ा है, जहाँ पाप है वही क्षमा का सोता फूट पड़ा है। राजा और कँगले विलासी और भिक्षु, नर और नारी मनुष्य और पशु सभी कलाकारों के हाथों सिरजते

चले गए है। हैवान की हैवानी को इन्सान की इन्सानियत से कैसे जीता जा सकता है, कोई अजन्ता में जाकर देखे।

1. उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
2. गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
3. दीवारों पर बने चित्र किन किन से सम्बन्धित हैं?

प्र03 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मानुष हौ तो वही रसखानि, बसौ ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौ तो कहा बस मेरौ, चरौं नित नन्द की धेनु मँझारन।।
पाहन हौ तो वही गिरि को, जो धरयौ कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग है तो बसेरो करौं, मिलि कालिंदी कूल कदम्ब की डारन।।

1. प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
2. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
3. रसखान की क्या इच्छा है?

अथवा

चरन कमल बंदौ हरि राइ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लांघै, अंधे को सब कुछ दरसाइ।
बहिरौ सुनै, गूँग पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराइ।
सूरदास स्वामी करूनामय, बार–बार बंदौं तिहिं पाइ।।

1. उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
2. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
3. किसकी कृपा से लँगड़ा व्यक्ति पर्वत लाँघ जाता है?

प्र04 निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए–

वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी। इयं विमलसलिलतरङ्गया: गङ्गया: कूले स्थिता। अस्या: घट्टानां वलयाकृति: पंक्ति: धवलायां चन्द्रिकायां बहु राजते। अगणिता: पर्यटका: सुदूरेभ्य: देशेभ्य: नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्या: घट्टानाञ्च शोभा विलोक्य इमां बहु प्रशंसन्ति।

अथवा

मानव–जीवनस्य संस्करणं संस्कृति:। अस्माकं पूर्वजा: मानवजीवन संस्कर्तु महान्त प्रयत्नम्

अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवन स्य संस्कारणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्मांक संस्कृतिः।

विश्वस्य स्रष्टा ईश्वरः एक एव इति भारतीय संस्कृतेः मूलम्। विभिन्नमतावलम्बिनः विविधैः नामभि एकम् एव ईश्वर भजन्ते। अग्निः, इन्द्रः, कृष्णः, करीमः, रामः, रहीमः, जिनः, बुद्धः, खिस्तः अल्लाहः इत्यादीनि नामानि एकस्य एव परमात्मनः सन्ति। तम् एव ईश्वर जनाः गुरूः इत्यापि मन्यन्ते। अतः सर्वेषां मतानां समभावः सम्मानश्च अस्माकं संस्कृते सन्देशः।

**प्र05 दिये गये संस्कृत पद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए–**

किंस्विद् गुरूतरं भूमेः किंस्विदुच्चतरं च खात्।
किंस्विद् शीघ्रतरं वातात् किंस्विद् बहुतरं तृणात्।।

अथवा

माता गुरूतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात्।।

प्र06 अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिये गये प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए–

1. 'मेवाड़ – मुकुट' के नायक का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा

2. 'मेवाड़ – मुकुट' खण्ड काव्य के प्रथम सर्ग का सार अपने शब्दों में लिखिए।

प्र07 निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए–

(क) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (ख) रामचन्द्र शुक्ल (ग) जयशंकर प्रसाद

प्र08 निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए–

(क) सूरदास (ख) मैथिलीशरण गुप्त (ग) तुलसीदास

प्र09 अपनी पाठ्य पुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।

प्र010 आकस्मिक अवकाश हेतु प्रधानाचार्या को एक पत्र लिखिए–

अथवा

अपने मित्र को अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने का निमंत्रण भेजिए।

प्र011 निम्नलिखित प्रश्नों मे से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए—

1. वराणसी नगरी कस्याः नद्याः कूले स्थिता?
2. चन्द्रशेखरः कः आसीत्?
3. अस्माकं संस्कृतिः कीदृशी वर्तते?

प्र012 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए—

1. पर्यावरण प्रदूषण
2. विज्ञान वरदान या अभिशाप
3. दहेज प्रथा
4. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

model paper.info